तापमान

अधिकतम 32 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 9 जुलाई 2024

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4 पानी टंकी को शीघ्र चालू करने के दिए निर्देश




## NEET/JEE में सलेक्शन नहीं तो फीस नहीं : PCI भिलाई

जो स्टूडेन्ट NEET व JEE की तैयारी करना चाहते हैं। उनके लिए सुनहरा अवसर है क्योंकि 15 जुलाई से नया बैच प्रारंभ होने जा रहा है जिसका नाम NEET व JEE जूनून बैच है।

इस बैच में पढने वाले स्टूडेन्ट को NEET व JEE में चयन होने के बाद ही फीस लिया जाता है यह बैच सीमित स्टूडेन्ट के लिए है केवल 40 स्टूडेन्ट ही इस बैच में पढाई करेंगे। इस बैच में प्रत्येक दिन 6 घंटे की क्लास व 3 घंटे की डाऊट क्लास इस तरह प्रत्येक दिन 9 घंटे की क्लास होगी। हर रविवार NEET व JEE आधारित साप्ताहिक टेस्ट होगी। इस बैच में पढाने वाले शिक्षकगण दिल्ली व कोटा के विषय विशेषज्ञ डाक्टर्स व आईआईटियन्स है। स्टूडेन्ट को क्लास में DPP, कम्पलीट स्टडी मटेरियल पैकेज, बैग, टी शर्ट दी जायेगी। लाइब्रेरी व छात्रावास की भी सुविधा है। कोर्स कम्प्लीट उपरान्त स्टूडेन्ट को ऑल इण्डिया टेस्ट सीरीज कराया जायेगा। बच्चों को मोटिवेशनल क्लास भी कराया जाता है जिससे उनमें आत्मविश्वास जागृत होती है।

जूनून बैच जैसे कि नाम से विदित हो रहा है कि सभी स्टूडेन्ट का नीट व जेईई में चयन कराना यह ऐसा बैच है जिसका सलेक्शन रेशियो 100% होता है। PCI भिलाई का उद्देश्य है कि हर स्टूडेन्ट देश के प्रतिष्ठित एम्स कॉलेज व आई.आई.टी. कॉलेज में पढ़ाई करें।

जूनून बैच के स्टूडेन्ट ने पिछले वर्ष छत्तीसगढ़ में सर्वश्रेष्ठ परिणाम देकर एक अलग पहचान बनाया है जो छत्तीसगढ़ में एक अतुल्य परिणाम है।

आज नीट व जेईई में चयन होना बहुत ही आसान है। इसके लिए स्टूडेन्ट को प्रतिदिन 6 घंटे क्लास व 3 घंटे डाऊट क्लास अटेण्ड करना है। DPP को प्रैक्टीस करना है व डाऊट पूछना है। हर संडे टेस्ट देना है।

बस इतना कार्य स्टूडेन्ट ईमानदारी से कर लेता है तो उसे नीट व जेईई में सलेक्शन होने से कोई नहीं रोक सकता, बस यही सफलता का मूलमंत्र है। तो चलो स्टूडेन्ट आज ही जूनून बैच ज्वाइन करें व सफलता का इतिहास गढ़े।

**PCI संस्था भिलाई में शॉप नं. 133 न्यू सिविक सेंटर, भिलाई में संचालित होती है। मो.नं.- 7805888600.**

Advt.



(चिरमिरी) प्रवेश प्रारंभ (मनेन्द्रगढ़)

**न्यू महाराणा I.T.I.**

Affiliated by:- (N.C.V.T & D.E.T.) New Delhi (Govt. Of India)

ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, डीजल मैकेनिक, फिटर

योग्यता-10वीं पास (प्राईवट, ओपन,पत्राचार, नियमित)

प्रथम प्रवेशित 50 छात्रों को विशेष छूट

अतिशीघ्र प्रवेश लेवें मात्र 999/- नो डोनेशन

स्थान सीमित 100% रोजगार परक प्रशिक्षण

पता: प्राचार्य: झांझरिया गोदाम, बदन सिंह मोहल्ला मनेन्द्रगढ़

मो. 8982767184, 9203914561, 9425556340

पता: प्राचार्य: जगन्नाथ मंदिर के पास धरमनगरी (पोड़ी) चिरमिरी

मो. 7489674543, 8435000498, 9203914561


### आमसभा के बाद विद्युत कार्यालय घेरने पहुंचे कांग्रेसी, अव्यवस्था को लेकर कांग्रेस का कोरिया-एमसीबी में प्रदर्शन

# बिजली कटौती और बढ़ी दर को लेकर कांग्रेस का हल्लाबोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

भाजपा सरकार द्वारा बढ़ाए गए विद्युत दर को वापस लेने एवं अघोषित विद्युत कटौती को बंद करने को लेकर जिला एवं ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा 8 जुलाई को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया एवं अपनी मांगों एवं समस्याओं को लेकर कनिष्ठ यंत्री छग राज्य विद्युत वितण विभाग बैकुंठपुर के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

इसमें उल्लेख किया गया है कि भाजपा सरकार के गलत नीतियों के कारण राज्य में विद्युत आपूर्ति सरप्लस होने के बावजूद विद्युत दर में बेतहाशा वृद्धि की गई है, इसके साथ ही प्रदेशभर में अघोषित विद्युत कटौती से प्रदेश की आम जनता एवं किसान परेशान हैं। बिजली के दाम बढ़ने से घरेलू के साथ उद्योगों और व्यवसायिक उपभोक्ताओं को महंगी बिजली खरीदी करने के लिए विवश होना पड़ रहा है। धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि प्रदेश में छग में सरप्लस बिजली उत्पादन है, लेकिन विगत 6 माह से बिजली कटौती का केन्द्र बना हुआ है, बिजली दर में 8 प्रतिशत की अधिक की बढ़ोत्तरी को राज्य राज्य सरकार को वापस लेना चाहिए। कांग्रेस पदाधिकारियों ने धरना प्रदर्शन के दौरान कहा कि प्रदेश की जनता महंगाई से पहले से ही पीड़ति है और इस बिजली की दर में बढ़ोत्तरी कर जख्मी जनता के जख्मो पर नमक छिड़क रहीं है। कांगेस पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार बढ़ी हुई, बिजली की दरों को वापस ले और प्रदेश में अघोषित बिजली कटौती करना बंद करें।





विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेसी।



बिजली दफ्तर का घेराव करते कांग्रेसी।

धरना प्रदर्शन में पूर्व जिला अध्यक्ष नजीर अजहर, पूर्व नपा अध्यक्ष अशोक जायसवाल, पूर्व नपा अध्यक्ष शिवपुर चरचा अजीत लकड़ा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अजय सिंह, मुख्तार अहमद, शैलेन्द्र सिंह, विक्की शिवहरे, विजय चक्रधारी, नेता प्रतिपक्ष नपा बैकुंठपुर श्रीमती अन्नपूर्णा सिंह, श्रीमती संगीता राजवाड़े, उषा सिंह सहित काफी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

## बिजली के दाम बढ़ने से आम आदमी परेशान




**मनेन्द्रगढ़।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मनेन्द्रगढ़के तत्वाधान में राज्य सरकार के गलत नीतियों के चलते राज्य में विद्युत आपूर्ति सरप्लस होने के बावजूद विद्युत दर में बेहताशा वृद्धि होने का आरोप लगाते हुए एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर जिलेभर के कार्यकर्ता व पदाधिकारी काफी संख्या में मौजूद रहे। सभी वक्ताओं ने इस दौरान प्रदेशभर में बार-बार हो रही अघोषित विद्युत कटौती से प्रदेश की आम जनता एवं किसानों के संबंध में प्रदेश सरकार का ध्यानाकर्षण कराया। जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ के तहसीलदार कार्यालय के नजदीक कांग्रेस का ब्लॉक स्तरीय धरना प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर जिला कांग्रेरस कमेटी के जिला अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने उपस्थितजन को संबोधित करते हुए बिजली की कटौती और बिजली के दाम में बढ़ोत्तरी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही है। उपर से सरकार ने बिजली के दामों में 8 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी किया है,यह जनता पर अत्याचार है। इस अवसर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश शर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य शरण सिंह, पूर्व नपाध्यक्ष राजकुमार केसरवानी, पार्षद अनिल प्रजापति, अधि. रामनरेश पटेल, सुद्धूलाल वर्मा, सुरेन्द्र पाल मखीजा,रवि कुमार जैन, छोटे लाल वर्मा, शिवराम बेहरा, हारून मेमन, अशोक गुप्ता, ममता सोनी, संजय यादव, देव कुमार दीवान, रमेश यादव, फइम खान, बलबीर सिंह, राम गोपाल यादव, शेष मनी, सत्तार अली, एसके सिंह, तरुनेन्द्र पाण्डेय,जगदीश मधुकर, रूमा चटर्जी, रूकमणि, भारती समेत कांग्रेस के विभिन्न मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारी काफी संख्या में मौजूद रहे।



### कांग्रेस का ब्लाक स्तरीय धरना प्रदर्शन

**सोनहत।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर प्रभारी रियाजुद्दीन की उपस्थिति में ब्लाक कांग्रेरस कमेटी के अध्यक्ष सुरेश सिंह के नेतृव में सोनहत मजार चौक में प्रदेश में बिजली के दर में वृद्धि को रोकने के लिए व प्रदेश में लगातार बिजली की कटौती से निजात दिलाने के लिए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी 8 जुलाई को धरना प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ज्योत्सना पुष्पेन्द्र राजवाड़े, जनपद अध्यक्ष श्रीमती लल्ली सिंह, जनपद उपाध्यक्ष गुलाब चौधरी, जनपद सदस्य कृष्णा राजवाड़े, कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष पुष्पेन्द्र राजवाड़े, लव प्रताप, युवा कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश चंद्रसाहू ,कांग्रेस कमेटी के महासचिव वीरेन्द्र साहू, ब्लाक कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष प्रेमसागर तिवारी, नरपति सिंह, अजय भास्कर, सुचेन्द्र यादव, चंद्र प्रकाश यादव, भारत राजवाड़े, देव चौधरी, शौकत अली खान, राजू साहू, शाजिद आदि उपस्थित रहे।



### महंगाई के बोझ तले दब रही भाजपा सरकार

**डोमनहिल।** छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर ब्लॉक कांग्रेस चिरमिरी के बैनर तले प्रदेश सचिव शुभाष कश्यप के उपस्थिति में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती और बिजली के दामों में बढ़ोत्तरी के विरोध में धरना प्रदर्शन व नारेबाजी करते हुए कांग्रेस पदाधिकारियों ने स्थानीय विद्युत विभाग के कार्यालय पहुंचकर कनिष्ठ अभियंता को ज्ञापन सौंपे। विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रदेश सचिव श्री कश्यप ने कहा कि सरकार की कमियों के कारण जनता परेशान हैं। ज्ञापन सौंपने के दौरान सुभाष कश्यप, चंद्रप्रकाश मित्तल, बलदेव दास, शिवांश जैन, मंजीत सिंह, शाहिद महमूद, प्रेमशंकर सोनी, अशरफ अली, रवि बिरहा, रज्जाक खान, मुकेश कुमार, अदिति, शाहीन पाराशर, विजय नेवार, अनिल कुमार, शंभू ओझा, शिवनारायण राव, रामजी यादव, सनी चैहथा सहित काफी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## बाइक चोरी का आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

**बैकुण्ठपुर।** क्षेत्र में विगत दिनों हुई बाइक चोरी के मामले में पटना एवं बैकुंठपुर पुलिस की संयुक्त टीम के द्वारा चोरी की बाइक बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे एक आरोपी को पकड़ने में सफलता पाई है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 3 नग बाइक बरामद किया।



पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 35, 303 भारतीय न्याय संहिता के तहत दर्ज कर कार्रवाई की। मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र में विगत वर्षो एवं हाल में चोरी हुई बाइक की घटनाओं को देखते हुए एसपी कोरिया के निर्देश पर पुलिस ने मुखबीर तंत्र को सक्रिय कर थाना पटना एवं बैकुंठपुर की संयुक्त टीम द्वारा थाना पटना क्षेत्र के ग्राम खांड़ा निवासी आरोपी संजू कुमार सोनवानी पिता शिवमणी उम्र 29 वर्ष को चोरी की हुई तीन बाइक को बेचने के फिराक में ग्राहक खोज रहे थे।

मुखबीर से मिली सूचना पर पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर पहुंच कर तीनो मोटर सायकिल के संबंध में दस्तावेज की मांग की, लेकिन युवक के पास कोई भी दस्तावेज नहीं था। युवक ने बताया कि तीनो बाइक चोरी की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से तीनों चोरी के बाइक को जब्त किया एवं आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर कार्रवाई की।

## मंत्री से ठेका प्रथा खत्म करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

छग नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के सरगुजा संभाग अध्यक्ष सौरभ यादव ने जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ के रेस्ट हाउस में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से मुलाकात की और ठेका प्रथा समाप्त किए जाने के लिए ज्ञापन सौंपा।

गौरतलब है कि छग नगरीय निकाय में कुल 184 निकायों में 14 नगर निगम, 48 नगर पालिका और 122 नगर पंचायत में विगत 15-22 वर्षो से लगभग 25000 प्लेसमेंट कर्मचारी कार्यरत हैं, जो कई वर्षो से अपनी मांगों को लेकर संघर्षरत हैं। पिछली सरकार में इनकी मांगों को दरकिनार कर दिया गया था, इसके लिए इन कर्मचारियों ने जिला से लेकर संभाग और राज्य स्तर पर कई बार आंदोलन भी किया। अब वर्तमान में अपनी मांगों को लेकर इनकी आशा वर्तमान सरकार पर टिकी हुई है। संभाग अध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि छग के सभी पांचों संभागों के नगरीय निकायों में लगभग 15-22 वर्षों से प्लेसमेंट कर्मचारी अपनी सेवाएं दे रहे हैं, जबकि कोरोना महामारी का एक ऐसा दौर आया कि लोग घरों से बाहर नहीं निकल रहे थे, तब प्लेसमेंट कर्मचारी अपनी जान की परवाह न करते हुए निरंतर साफ-सफाई, पेयजल सप्लाई और जनहित के लिए अन्य कार्य कर रहे थे। श्री यादव ने ⏭ शेष पेज 4 पर



स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन सौंपते संघ के लोग

## 66 वर्षीय कमला ने जीते तीन स्वर्ण पदक

**मनेन्द्रगढ़।** कुछ नया और अलग करने का जज्बा हो तो उम्र मायने नहीं रखती, बल्कि लगन और कुछ अलग करने का जज्बा होना जरूरी है, लेकिन इसके लिए जोश, हिम्मत और सर्वोच्च विचार मन में विकसित करने पड़ेंगे।



अगर सफल होना है तो निरंतर बड़ा और बेहतर सोचना होगा तथा खुद को साबित करने के लिए इमानदारी से कोशिश करनी होगी। आज की युवा पीढ़ी के लिए यही सफलता का सूत्र है। उक्त बातें हाल ही में उज्जैन में आयोजित राष्टीय प्रतियोगिता के दौरान तीन स्वर्ण पदक जीतकर वापस लौटी श्रीमती कमला देवी मंगतानी ने हरिभूमि से चर्चा के दौरान कही। श्रीमती मंगतानी की उम्र 66 वर्ष है और बीते कई वर्षों से उन्हें डायबीटीज की भी शिकायत है, लेकिन बीमारी और उम्र को मात देते हुए मनेन्द्रगढ़ की कमला देवी मंगतानी ने उज्जैन में आयोजित राष्टीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और देश के तमाम राज्यों से आए हुए खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए तीन स्वर्ण पदक अपने नाम किया। राष्टीय पावर लिफ्टिंग में बेंच प्रेस 30 किलो, स्क्वाट्स 30 किलो, डेडलिफ्ट 57.5 किलो वजन उठाया।

### इस बार गर्मी में नहीं थे अधिक मुहूर्त, दो माह बंद रहे शादी-ब्याह

# आज से शुरु हो जाएंगे वैवाहिक कार्यक्रम, लग्न वेदी सजाने की तैयारियां पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शादी-विवाह के लिए दो माह से ब्रेक लगे रहने के कारण शादी-विवाह का कार्य बंद पड़ा था, लेकिन अब 9 से 15 जुलाई तक विवाह के मुहूर्त हैं, जिससे कि कुछ दिनों के लिए खुशी के दिन होगी।

इस अवधि में अपने पुत्र-पुत्रियों के लिए विवाह मुहूर्त का इंतजार कर रहे लोगों के लिए खुशियां बिखरेगी। इसके पूर्व ही वैवाहिक कार्यक्रम को लेकर लग्न वेदी सजाने की तैयारियां शुरू हो गई है और विभिन्न चीजों की एडवांस बुकिंग भी हो चुकी है। जानकारी के अनुसार 9 से 15 जुलाई तक विवाह के मुहूर्त दो माह बाद फिर से शुरू होंगे। पंचांग के अनुसार जुलाई में 9,11,12,13 तथा 15 जुलाई को विवाह के शुभ मुहूर्त है। इस बार गर्मी में अधिक मुहूर्त नहीं थे, इस कारण कई लोग पुत्र-पुत्रियों



का विवाह कार्य संपन्न नहीं करा पाए, उनके लिए जुलाई में विवाह के पांच शुभ मुहूर्त हैं, इसके बाद 17 जुलाई से देवशयनी शुरू हो जाएगा और आगामी 4 माह के लिए सभी तरह के मांगलिक कार्यो पर विराम लग जाएगी, ऐसे में सीमित विवाह मुहूर्त में जमकर शादियां होने की उम्मीद है। इस दौरान सबसे अधिक विवाह शहरी क्षेत्रों में ही होने की ज्यादा संभावना है। ग्रामीण क्षेत्रों के लोग खेती कार्य में जुट गए हैं, ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों में उक्त विवाह मुहूर्त में विवाह कार्य होने की संभावना कम ही लग रही है।

हालांकि बरसात के सीजन में विवाह के कार्यक्रम कम ही होते हैं, लेकिन इस वर्ष गर्मी में भी अधिक मुहूर्त नहीं होने और जल्द ही विवाह पर ब्रेक लग गया था, इसके कारण इस बार बरसात के सीजन में भी जमकर सीमित विवाह मुहूर्त में शादियां होने की उम्मीद है। जुलाई में सीमित मुहूर्त होने के कारण वैवाहिक कार्यक्रम के लिए जरूरी चीजों की एडवांस बुकिंग कर लिए हैं।

### फिर चार माह बंद रहेगा वैवाहिक सहित अन्य शुभ कार्य

जानकारी के अनुसार 9 से 15 जुलाई तक ही विवाह के शुभ मुहूर्त है। 15 जुलाई के बाद शहनाईयों की गुंज फिर बंद हो जाएगी, इसके बाद 17 जुलाई से देवशयनी एकादशी के साथ देवताओं की शयन की अवधि शुरू हो जाएगी। इस दौरान शादी-विवाह पर चार माह के लिए रोक लग जाएगी, इसके बाद कोई मुहूर्त नहीं होगा, फिर 12 नवंबर को चार माह के विश्राम के बाद देवता जागृत होंगे, इसके दूसरे दिन 13 नवंबर से विवाह के मुहूर्त शुरू होंगे।

### खरीददारी हो गई शुरू

9 जुलाई से शुरू हो रहे वैवाहिक मुहूर्त को देखते हुए कई परिवारों के द्वारा बाजार में जरूरी सामग्री खरीदी केलिए शहर के बाजार पहुंचने लगे हैं। दुकानों में भी कुछ दिनों के विवाह मुहूर्त को देखते हुए विवाह सामग्री की बिक्री शुरू कर दिए हैं,जहां खरीदी के लिए परिवार के लोग जुट रहे हैं, इसके कारण बरसात में भी बाजार में ग्राहकी बढ़ गई है। बरसात के बावजूद बाजार में विवाह कार्य के लिए खरीदी के लिए लोग दुकानों में जुट रहे हैं।

### हो चुकी है एडवांस बुकिंग

जुलाई माह में 9 जुलाई से शुरू हो रहे विवाह मुहूर्त को देखते हुए जिन परिवारों के द्वारा विवाह कार्य कराना चाहते हैं, वे सीमित विवाह लग्न को देखते हुए वाहन, डीजे की एडवांस बुकिंग भी कर लिए हैं, इसके अलावा मैरिज हाल, भवनों, कैटरर की बुकिंग भी एडवांस में कर लिए हैं। इस तरह 9 से 15 जुलाई तक वैवाहिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी और बैंडबाजे व डीजे की धुन में नाचते -गाते बाराती दिखाई देंगे।

## खबर संक्षेप

### 12 शासकीय उचित मूल्य की दुकान निरस्त

**बैकुण्ठपुर।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैकुंठपुर द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकान ग्राम पचायत सरडी, उरूमदुगा, मोदीपारा, सरभोका, टेंमरी, उरूमदुगा, बड़ेसाल्ही, कन्हारबहरा, बडे कलुआ, मुगुम, भरदा, ग्राम पंचायत गिरजापुर एवं पतरापाली का पूर्व में आवंटित एजेंसियों द्वारा अनियमितता किए जाने के कारण निरस्त कर दिया गया है। उक्त शासकीय उचित मूल्य दुकानों के आवंटन के लिए वृहदाकार आदिम जाति बहुउद्देशीय सहकारी समितियां, प्राथमिक कृषि साख समितियों, महिला स्व सहायता समूहों, वन सुरक्षा समिति एवं अन्य उपभोक्ता सहकारी समितियां एवं स्थानीय निकाय/ग्राम पंचायत से 23 जुलाई तक कार्यालयीन समय में पंजीयन प्रमाण पत्र, पासबुक की छायाप्रति एवं अन्य सम्यक दस्तावेज सहित आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में मंगाए गए हैं।

### जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर कल

**बैकुण्ठपुर।** जिले में आमजन की समस्या का त्वरित निराकरण के लिए जन समस्या का निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिले में जनसमस्या निवारण शिविर के सफल संचालन के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत को नोडल अधिकारी एवं बैकुंठपुर व सोनहत जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन कैलेण्डर वर्ष 2024 जारी की गई है। यह शिविर 10 जुलाई से 27 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में बैकुंठपुर विकासखंड के पटना में 10 जुलाई, नगर में 8 अगस्त, मनसुख में 11 सितंबर, कुड़ेली में 8 नवंबर, जमगहना में 27 दिसंबर इसी तरह सोनहत विकासखंड के भैंसवार में 19 जुलाई, रामगढ़ में 23 अगस्त, सोनहत में 30 अक्टूबर, कटगोड़ी में 21 नवंबर, रजौली में 12 दिसंबर, खड़गवां जनपद के ग्राम गणेशपुर में 27 सितंबर तथा पोड़ी में 18 अक्टूबर 2024 को शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उक्त शिविर प्रातः 10 बजे निर्धारित स्थल पर प्रारंभ होगी।

### करंट की चपेट में आने से बालक की मौत

**मनेन्द्रगढ़।** करंट की चपेट में आने से एक दो वर्षीय बालक की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शव का पंचनामा पोस्टमार्टम करवा शव को परिजन को सौंप दिया है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत डगौरा के आश्रित ग्राम बिछली में रहने वाले जयसिंह का दो वर्षीय पुत्र संजय घर में खेल रहा था, तभी अचानक वह करंट की चपेट में आ गया। बालक को लेकर परिजन तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनेन्द्रगढ़ पहुंचे, जहां डॉक्टर ने बालक को मृत घोषित कर दिया।

### जल संरक्षण पर होंगे विविध कार्यक्रम

**बैकुण्ठपुर।** जल संरक्षण की जिम्मेदारी महिलाओं को सौंपने से अकल्पनीय सकारात्मक परिणाम सुनिश्चित हो सकते हैं, क्योंकि महिलाएं जल का महत्व बेहतर तरीके से समझती हैं। इस विचार को साकार करने के लिए जल शक्ति से नारी शक्ति थीम के तहत महिला सशक्तिकरण में जल की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास संचालनालय रायपुर से जारी पत्र में उल्लेख किया गया है कि 12 जुलाई के बीच मातृत्व लाभ सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत 12 जुलाई को जल शक्ति से नारी शक्ति के अंतर्गत जल संरक्षण पर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में महतारी वंदन योजना और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के हितग्राहियों को आमंत्रित किया


8-JULAY- Jash-RGH-CORIYA-Bhoomi pg-2_Layout 1 7/8/2024 8:19 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### मां दुर्गा मंदिर तिलसिवा में वार्षिक उत्सव 13 को

**सूरजपुर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां दुर्गा मंदिर तिलसिवा का वार्षिक उत्सव 13 जुलाई से मनाया जाएगा। दुर्गा मंदिर के संरक्षक दीपक अग्रवाल ने बताया है कि इस वर्ष भी मां दुर्गा मंदिर तिलसिवा में वार्षिकोत्सव मनाया जाएगा। 13 जुलाई कलश यात्रा सुबह 9 बजे, सायंकाल 7 बजे भजन एवं 14 जुलाई अखंड रामायण सुबह 9 बजे से व 15 जुलाई अखंड रामायण समापन एवं हवन पूजन और दोपहर भंडारा के साथ संपन्न होगा।



### शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कलेक्टर से कार्रवाई की मांग



**सीतापुर।** प्रधान पाठक द्वारा शासकीय जमीन पर किए जा रहे अतिक्रमण को लेकर कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत की गई है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि वार्ड क्रमांक 2 आदर्शनगर निवासी प्रधान पाठक लक्ष्मण लकड़ा द्वारा मकान का निर्माण किया जा रहा है। मकान निर्माण को लेकर बाल गोविन्द गुप्ता ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है और निर्माण पर रोक लगाने की मांग की है। आरोप है कि प्रधान पाठक द्वारा गोचर एवं सड़क मद की शासकीय भूमि पर कब्जा कर मकान का निर्माण कराया जा रहा था। इस मामले में सुनवाई के बाद पटवारी के प्रतिवेदन पर तत्कालीन तहसीलदार द्वारा स्थगन आदेश जारी कर निर्माण पर रोक लगाई गई थी। तहसीलदार के स्थगन आदेश के बाद भी शासकीय भूमि पर निर्माण का कार्य जारी था और पुनः सुनवाई के बाद तहसीलदार ने स्थगन आदेश हटा दिया गया था। ऐसे में बालगोविंद गुप्ता ने एसडीएम कार्यालय में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की। एसडीएम कार्यालय के बाद आवेदक द्वारा इसकी शिकायत कलेक्टर जनदर्शन में भी की गई है। शिकायतकर्ता शासकीय भूमि पर किए जा रहे अतिक्रमण पर रोक लगाने और कार्रवाई करने की मांग की है। इस दौरान बालगोविंद गुप्ता, आरती कुशवाहा, ओमप्रकाश गुप्ता, देवेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

### तुलसी साहित्य समिति की काव्यगोष्ठी



**अम्बिकापुर।** श्री जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव के उपलक्ष्य पर तुलसी साहित्य समिति ने केशरवानी भवन में काव्यगोष्ठी की। गोष्ठी में पं.रामनारायण शर्मा ने कहा कि भगवान जगन्नाथ की अराधना का पर्व रथयात्रा पूरे देश में धूमधाम से मनाया जाता है। श्रीकृष्ण अपने भाई बलराम और बहन सुभद्रा के साथ रथ पर सवार होकर नगर-भ्रमण पर निकलते है। मान्यता है कि इस पर्व में भगवान के दर्शन, पूजन और रथ को खींचने पर तथा उसमें सहायता करने वाले पर कभी कोई विपत्ति नहीं आती। सच्चिदानंद पाण्डेय ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण एक आदर्श पुत्र, भाई, शिष्य, मित्र, पति, प्रेमी और गऊरू हैं। उन्होंने नारी की गरिमा और सम्मान की सदैव रक्षा की। भौमासुर की कैद से छुड़ाई गई नारियों को पत्नी के रूप में स्वीकार किया और बहन सुभद्रा को भी जगन्नाथपुरी में ससम्मान प्रतिष्ठित कर समाज को बहनों की सुरक्षा व उन्हें सम्मान देने के लिए प्रेरित किया। काव्यगोष्ठी में मुकुंदलाल साहू, माधुरी जायसवाल, आशा पाण्डेय, कुमार अजय सागर, अर्चना पाठक, श्यामबिहारी पाण्डेय, आनंद सिंह यादव, अंबरीश कश्यप, यादव विकास ने भगवान कृष्ण पर केंद्रित कविताएं सुनाई। इस दौरान हरिशंकर सिंह, सुरेन्द्र गुप्ता, लीला यादव, रणविजय सिंह तोमर, प्रकाश कश्यप, अशोक सोनकर, आरएन अवस्थी, बीएल गुप्ता, एसडी पाण्डेय, आदि उपस्थित थे।

### अग्रवाल महिला मण्डल की सदस्यों ने स्टेडियम परिसर में किया पौधरोपण



**सूरजपुर।** अग्रवाल महिला मण्डल द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नगर के अग्रसेन स्टेडियम परिसर में पौधरोपण का कार्यक्रम किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी देश वासियों से अपील की है कि भारत का प्रत्येक नागरिक एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाकर देश में एक-एक पौधा अवश्य लगाए। इसी अभियान के तहत ग्रवाल महिला मण्डल के पदाधिकारी व सदस्यों ने अग्रसेन वार्ड में स्थित अग्रसेन स्टेडियम परिसर में पौधरोपण किया। महिला मण्डल की अध्यक्ष विजया गर्ग ने बताया कि केन्द्र व राज्य सरकार ने एक अच्छी सोच के साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक कदम बढ़ाया है। इस दिशा में महिला मण्डल द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत एक पेड़ मां के नाम लगाने लोगों को जागरूक किया जा रहा है इस दौरान वार्ड पार्षद श्रीमती मंजूलता गोयल, मीना गोयल, ममता अग्रवाल, सपना अग्रवाल, सोनू अग्रवाल, कनकलता गोयल, काजल अग्रवाल, सीमा गोयल सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थी।

## 40 रुपए किलो के ऊपर बिक रही मौसमी सब्जियां

# बारिश शुरू होते ही सब्जियों की कीमतें आसमान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सब्जियों की लगातार बढ़ रही कीमत से आम आदमी का बजट बिगड़ गया है। अधिक कीमतों के कारण अब हरी सब्जियां आम आदमी की थाली से दूर होती जा रही है। सालों भर दूसरे राज्यों में सब्जियों की आपूर्ति करने वाला सरगुजा में वर्तमान में सब्जियों का उत्पादन कम हो गया है।

**खास बातें**

- रसोई से दूर हुई टमाटर की पहुंच
- रसोई के बढ़ते बजट से आम आदमी परेशानी

पिछले एक महीने से सब्जियों की कीमतें आसमान पर हैं। पूर्व में भीषण गर्मी पड़ने के कारण उत्पादन में कमी आने की बात कही जा रही थी अब वर्षा होने के बाद पुरानी फसल के खराब होने के कारण उत्पादन प्रभावित होने की बात कही जा रही है। हालत यह है कि आलू की कीमतें आसमान पर पहुंच गई है। एक महीने 20-25 रूपए किलो बिकने वाला आलू अब 35 रूपए वहीं प्याज 40 रूपए किलो की दर से बिक रहा है। व्यापारी आलू-प्याज की कीमतों में और अधिक वृद्धि होने की बात कह रहे हैं। प्याज की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि होने की संभावना पर बताया जा रहा है बड़ी संख्या में व्यवसाइयों एवं किसानों ने भारी मात्रा में प्याज का भण्डारण कराया है। सब्जियों की कीमतों को लेकर प्रशासन रूचि नहीं लेता। बरसात में लौकी, भिण्डी, तरोई, मूली, खीरा, परवल, कोचई, साकिन, बरबट्टी, कुंदरू आदि मौसमी सब्जियों का पर्याप्त उत्पादन होता है लेकिन वर्तमान में सभी सब्जियां 40 रूपए किलो से ऊपर बिक रही है।

हालांकि थोक मंडी में सब्जियों की कीमतों में वृद्धि नहीं हुई है। थोक मण्डी में अभी भी सब्जियों की कीमत 15-20 रूपए किलो ही है। थोक सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि वर्षा होने के बाद सब्जियों की पुरानी फसल खराब हो गई है। किसानों ने नई फसल लगाई है लेकिन अभी फल निकलना शुरू नहीं हुआ है। नई फसल का उत्पादन बाजार में पहुंचते ही कीमतें नियंत्रित हो जाएगी। पिछले दिनों लगातार एक सप्ताह तक मौसम खराब होने के कारण सब्जियों की आवक में कमी आई है जिसका प्रभाव कीमतों पर पड़ा है। बारिश के कारण किसान फसल की तोड़ाई तक नहीं कर पा रहे थे। मौसम साफ होने के बाद धीरे-धीरे उपलब्धता बढ़ेगी जिसके बाद कीमतों में कमी आएगी।



गुदरी बाजार में सब्जी खरीदते ग्राहक।

### आने लगा बैंगलोर का टमाटर

बरसात में टमाटर की अधिकांश फसल खराब हो गई है पूर्व में अधिक उत्पादन होने के कारण इस बार टमाटर की कीमतें नियंत्रित रही तथा टमाटर अधिकतम 20-30 रूपए किलो की दर से बिका पिछले एक पखवाड़े से टमाटर की कीमतें आसमान पर पहुंच गई है। चार दिन पूर्व तक टमाटर 80 रूपए किलो की दर से बिक रहा था। मौसम साफ होने के बाद टमाटर की कीमतों में कमी आई है तथा टमाटर 40 रूपए से 60 रूपए किलो की दर से बिक रहा है। बारिश होने के कारण टमाटर की स्थानीय फसल दागदार हो गई है। थोक मण्डी में स्थानीय टमाटर 20 रूपए से 40 रूपए वहीं बैंगलोर का टमाटर 40-60 रूपए किलो बिक रहा है। इस बार पाट क्षेत्रों में बड़ी संख्या में कृषको ने टमाटर की खेती की है। नई फसल आने पर टमाटर की कीमतें कम होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

### प्रशासन का नहीं नियंत्रण

सब्जी बाजार पर प्रशासन का कोई नियंत्रण नहीं है। ननि प्रशासन व्यवसाइयों से बाजार शुल्क एवं किराया वसूलने तक सीमित है। खाद्य विभाग के अधिकारियों को राशन दुकानों से ही फुर्सत नहीं मिलती। ऐसे में खुदरा व्यवसायी स्वयं सब्जियों की कीमतें निर्धारित करते हैं। कीमतें निर्धारित करने के लिए व्यवसाइयों ने थोक मंडी की कीमतों से दोगुना दर पर सब्जियां बेचने का सूत्र तय कर लिया है। कम आवक वाली सब्जियों की कीमतें उपलब्धता के आधार पर दोगुना से तीन गुना तक पहुंच जाती है।

### एक पखवाड़े में कम होंगी कीमतें

वर्षा होने के कारण सब्जियों की आवक में कमी आई है जिसका प्रभाव कीमतों पर पड़ा है। मौसम साफ होने पर आवक में कुछ वृद्धि हुई है। एक पखवाड़े में नई फसल की आवक शुरू हो जाएगी तथा कीमतों मे भी कमी आएगी।

-काशीनाथ केशरी
अध्यक्ष, थोक सब्जी विक्रेता संघ



## छत्तीसगढ़ न्यायिक कर्मचारी संघ ने महामाया मंदिर में की प्रार्थना सभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

उत्तर प्रदेश के न्यायिक कर्मचारी संघ के समर्थन में छत्तीसगढ़ न्यायिक कर्मचारी संघ रामानुजगंज द्वारा संघ के अध्यक्ष सुमन कुमार डहेरिया एवं सचिव राजेश शर्मा के नेतृत्व में नगर के कनहर नदी के तट स्थित मां महामाया मंदिर में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।

न्यायिक कर्मचारी पदाधिकारी ने कहा कि पूरे भारत का न्यायिक कर्मचारी कार्य के बोझ तले दबा हुआ है। न्यायिक कर्मचारियों को उनके कार्य के अनुरूप वेतनमान कुछ गिने चुने राज्यों को छोड़कर पूरे भारतवर्ष में प्राप्त नहीं हो रहा है। सक्षम अधिकारी एवं राज्य शासन को अपनी समस्याओं से अवगत कराने एवं अपनी मांगों की पूर्ति हेतु उत्तर प्रदेश राज्य के न्यायिक कर्मचारियों द्वारा 7 जुलाई को प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया है। इसके समर्थन में छत्तीसगढ़ न्यायिक कर्मचारी संघ ने उन्हें समर्थन प्रदान करते हुए छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में प्रार्थना सभा का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में आज रामानुजगंज के मां महामाया मंदिर में भी प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान संघ के प्रदीप गुप्ता, अनिल कुमार, राजेश शर्मा, अंजलि भगत, विमल टोप्पो, सरस्वती, ज्योति गुप्ता, रश्मि शर्मा, सीमा डिक्सेना, दमयंती पैकरा, बसंत राम प्रधान, दीपक कुमार, दशरथ सिंह, प्रकाश सदावर्ती, राहुल वर्मा, सतीश कुजूर, हरीश कुमार सहित अन्य न्यायिक कर्मचारी उपस्थित रहे।

### दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में शिक्षा नीति पर हुई चर्चा



**अम्बिकापुर।** पार्वती इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेनिंग रिसर्च एण्ड मैनेजमेंट शिक्षा महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर 6 जुलाई को दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस संत गहिरा गुरू विवि के रजिस्ट्रार डॉ.शारदा प्रसाद त्रिपाठी एवं संस्था के संस्थापक अशोक नाथ तिवारी के उद्बोधन से संगोष्ठी प्रारम्भ हुई। मुख्य वक्ता डॉ.कौशल किशोर शिक्षा नीति की अवधारणा एवं विकास तथा डॉ.शशिकांत यादव ने शिक्षा नीति की विस्तृत जानकारी दी। एसजीजीयू के डिप्टी रजिस्ट्रार प्रवीण अग्रवाल ने व्यवसायिक शिक्षा, डॉ.अजेय झा ने शिक्षण संस्थान की स्थापना एवं उसके तकनीकी विकास, क्रेडिट सिस्टम के विषय में बताया। कार्यक्रम में श्रीमती रितेश मिश्रा, चेयरमैन प्रमेन्द्र तिवारी, डायरेक्टर नरेन्द्र सिंह टूटेजा, प्रभारी प्राचार्य श्रीमती प्रीति सोनी, श्रीमती जयमाला सिंह, उपेन्द्र कुमार रवि, संतोष कुमार रानाडे, अरूण कुमार दुबे, श्रीमती प्रियांशु यादव आदि उपस्थित थे।

## एक्सपायरी मिलेट्स बार बांटने पर मंत्री व कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को दिए जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर


डांड़करवां स्कूल प्रबंधन की बड़ी लापरवाही, बच्चों को बांटे एक्सपायरी मिलेट्स बार

खबर का असर

स्वामी आत्मानंद स्कूल डांड़करवां में स्कूल प्रबंधन द्वारा लापरवाही बरतते हुए बच्चों को एक्सपायरी मिलेट्स वितरण कर दिया गया। हरिभूमि द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने को लेकर प्रमुखता से खबर प्रकाशन किया। खबर प्रकाशन के बाद न सिर्फ प्रशासन हरकत में आया बल्कि कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को जांच के निर्देश दिए है।

कलेक्टर रोहित व्यास ने कहा कि मामला गंभीर है। इस तरह की लापरवाही बरतने वाले स्कूल प्रबंधन सहित अधिकारी को बख्शा नहीं जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी को जांच के आदेश दे दिए गए हैं। बच्चों के स्वास्थ्य के साथ में खिलवाड़ करने वाले स्कूल प्रबंधन सहित इससे जुड़े हुए लोगों को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बच्चों के स्वास्थ्य के साथ में खिलवाड़ या इस तरह की लापरवाही पर तत्काल जांच कर सस्पेंड करने की कार्रवाई की जाएगी। वही इस मामले में महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि समाचार पत्रों के माध्यम से यह मामला सामने आया है। मामले का जांच करने के लिए कलेक्टर सहित शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों को कड़े हिदायत और आदेश दिए गए हैं। मामले की सूक्ष्मता से जांच हो और सख्त से सख्त कार्रवाई हो। बच्चों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ या शिक्षा के क्षेत्र में किसी प्रकार का अव्यवस्था या लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मामले का जांच कर तत्काल कार्रवाई करने की अनुशंसा की बात कही है।

## प्रभारी मंत्री ने हाथी पखना में किया पौधरोपण

**अम्बिकापुर।** प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी शनिवार को महामाया पहाड़ स्थित गणपति धाम में पूजा-अर्चना की तथा पौधरोपण किया। इस दौरान समिति के सदस्यों ने उनसे मंदिर में शेड निर्माण एवं पहुंच मार्ग निर्माण कराने की मांग की।



प्रभारी मंत्री ने कलेक्टर विलास भोस्कर एवं वनमंडलाधिकारी तेजस शेखर को तत्काल निर्माण कार्यों को कराने के निर्देश दिए। समिति के सदस्यों ने मुख्यमंत्री के नाम प्रभारी मंत्री को आवेदन सौंप आगामी वर्ष बच्चों को जागरूक करने के उद्देश्य से चित्रकारी, गोबर एवं मिट्टी की गणपति प्रतिमा बनाने की स्पर्धा आयोजित की जाएगी जिसमें 5000 प्रतिभागी शामिल होंगे। इस हेतु शासन से 5 लाख अनुदान की मांग की गई है। वित्त मंत्री ने राशि स्वीकृत करने का आश्वासन दिया। इस दौरान सांसद चिंतामणि महाराज, क्षेत्रीय विधायक राजेश अग्रवाल, विधायक लुण्ड्रा प्रबोध मिंज, पूर्व सांसद कमलभान सिंह, भारत सिंह सिसोदिया, अखिलेश सोनी, अनुराग सिंहदेव, आलोक दुबे आदि उपस्थित थे।

### विधायक ने एक पेड़ मां के नाम के तहत किया पौधरोपण

**केदमा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन भी बात में देशवासियों से एक पेड़ मां के नाम लगाने का आह्वान किया है। इसी के तहत विधायक राजेश अग्रवाल ने विकासखण्ड लखनपुर के विधायक निवास में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कर अभियान की शुरुआत की। साथ ही एक पेड़ मां के नाम अभियान रथ को हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ किया गया। इस दौरान वन विभाग अनुविभागीय अधिकारी बृजेंद्र ठाकुर, परिक्षेत्र अधिकारी मेरी लकड़ा, वनपाल नरसिंह यादव, प्रेम सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



### स्काउट गाइड द्वारा 6 विद्यालयों में किया गया पौधरोपण



**रामानुजनगर।** स्काउट गाइड द्वारा 6 विद्यालयीन परिसरों में कुल 60 पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में कन्या शाउमा विद्यालय रामानुजनगर, माध्यमिक शाला कौशलपुर, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला त्रिपुरेश्वरपुर, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सराईपारा, शासकीय उ.मा.विद्यालय पतरापाली में स्काउट गाइड द्वारा पौधारोपण किया गया। सभी शिक्षकों ने एक-एक पौधों को गोद लेकर उसकी सुरक्षा का संकल्प लिया। ब्लॉक सचिव बिजेंद्र साहू ने कहा कि पौधे ही हमारे जीवन के आधार हैं। वृक्ष वातावरण को शुद्ध रखते और ऑक्सीजन की आपूर्ति करते हैं। इसलिए सभी को कम से कम एक पौधा लगाना चाहिए जिससे पर्यावरण संरक्षण को बचाया जा सका। इस दौरान स्काउट मास्टर नंद कुमार सिंह, आनंद साहू, जाकिर हुसैन, योगेश कुमार साहू, गाइड कैप्टन गुड्डी राही, विजया सिंह एवं स्काउट गाइड, रोवर, रेंजर शामिल थे। कटहल, जामुन, गुलमोहर, काजू, नीम एवं करंज के 60 पौधे लगाए गए।

## अंतर्राज्यीय जांच चौकी में चलाया गया जांच अभियान

**रामानुजगंज।** जिला आबकारी अधिकारी के निर्देश पर अंतरराज्यीय आबकारी जांच चौकी में आबकारी उप निरीक्षक अभिषेक कुमार राजवाड़े एवं चंद्रदीप भगत के नेतृत्व में सघन जांच अभियान चलाया गया। गौरतलब है कि अंतरराज्यीय नाका से हमेशा मादक पदार्थों के तस्करी किए जाने की सूचना विभाग को मिलते रहती है जिसे लेकर विभाग भी सतर्क नजर आ रहा है। आबकारी उप निरीक्षक अभिषेक कुमार राजवाडे ने बताया कि आज छत्तीसगढ़ एवं झारखंड दोनों ओर साप्ताहिक बाजार के मद्देनजर सघन जांच अभियान चलाया गया। जिसमें दो एवं चार पहिया वाहनों की जांच की गई। आबकारी विभाग के सघन अभियान से तस्करों में हड़कंप व्याप्त है। झारखंड में अंग्रेजी शराब सस्ता होने के कारण हमेशा झारखंड से अंग्रेजी शराब की तस्करी छत्तीसगढ़ में होती है वही महुआ शराब भी बड़ी मात्रा में झारखंड से लाया जाता है।



## सनकी ग्रामीण ने खेत में बैठकर आम खा रहे मासूम बच्चों पर टांगी से किया प्राणघातक हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- 9 वर्षीय बालक अम्बिकापुर के मेडिकल अस्पताल किया गया रेफ़र हालत नाज़ुक

सिरफिरे व सनकी ग्रामीण ने रविवार की दोपहर खेत किनारे बैठकर आम खा रहे दो बच्चे हो रिश्ते में आपस में भाई बहन हैं, पर टांगी से प्राणघातक हमला कर दिया है। घटना में दोनों मासूम बच्चों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत बलरामपुर निवासी प्रार्थी वृद्ध मुंशी अगरिया के रिश्ते के नाती 9 वर्षीय विशाल व उसकी बहन 6 वर्षीय रूपा रविवार की दोपहर गांव में ही खेत किनारे अपने साथियों के साथ बैठकर आम खा रहे थे। तभी गांव का ही सिरफिरा आरोपी दिलसाय राजवाड़े ने टांगी लेकर खेत किनारे पहुँचा और बिना किसी वजह के ही दोनों मासूम भाई बहन पर टांगी से प्राणघातक हमला कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन तत्काल मौके पर पहुंचकर दोनों भाई बहन को गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर में लाकर भर्ती कराया, जहां स्थिति गंभीर होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करके मासूम बच्चे विशाल को अंबिकापुर मेडिकल कालेज अस्पताल रेफर कर दिया है। प्रार्थी वृद्ध मुंशी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी दिलसाय राजवाड़े के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 के तहत हत्या के प्रयास का अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि आरोपी द्वारा मासूम बच्चों पर हमला करने के पूर्व अपने घर में भी तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया गया। इसके पश्चात सनकी आरोपी द्वारा खेत में जाकर मासूम भाई बहन पर टांगी से हमला कर दिया गया ।

## बारिश होते ही सिरकोतगा सड़क पर आवागमन हुआ मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

सिरकोतगा के ग्रामीण आज भी मूल भूत सुविधाओं से जूझ रहे है। गांव में पक्की सड़क नहीं होने के कारण लोगों को कीचड़ युक्त मार्ग पर चलना पड़ रहा है जिससे ग्रामीणों में रोष का माहौल है।

बता दें कि विकासखंड के ग्राम सिरकोतगा के अंतर्गत अमेरा से रजपुरी तक की सड़क को पूर्व में एसईसीएल द्वारा बनवाया गया था लेकिन बाद में एसईसीएल द्वारा दूसरे मार्ग से वाहनों का कराया जाता है और गांव की सड़क भारी वाहनों के आवागमन से पूर्व में जर्जर हो चुकी है। सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे होने से जल जमाव की समस्या उत्पन्न हो जाती है जिससे लोगों का आवागमन मुश्किल हो जाता है। सड़क किनारे रहने वाले ग्रामीणों की परेशानी सबसे ज्यादा बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने सड़क मरम्मत के लिए कई बार एसईसीएल प्रबंधन से सम्पर्क किया लेकिन उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं हो पाया। विगत दो वर्षों से बारिश के समय ग्रामीणों को भारी परेशानी होती है। बारिश होते ही सड़क पर पानी भर जाता है और आवागमन मुश्किल हो जाता है। समय समय पर जनप्रतिनिधियों से भी मामले की शिकायत की गई लेकिन उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिला है।

## बनने के बाद उखड़ने लगी नवनिर्मित सड़क, जगह-जगह आई दरारें

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

बाबा जलेश्वर नाथ शिवपुर धाम मंदिर सहित आसपास के गांव के लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो सके इसके मद्देनजर मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं पंचायत राज विभाग द्वारा सड़क निर्माण शुरू किया गया। हैरानी की बात तो यह है कि घटिया सड़क निर्माण होने के कारण बनने के कुछ दिन बाद ही न सिर्फ सड़क उखड़ने लगी जबकि जगह-जगह दरारें पड़ गई है। ऐसे में सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर भी सवाल उठने लगे। वहीं ठेकेदार द्वारा आधे अधूरे सड़क निर्माण कर छोड़ देने से अब क्षेत्र के लोगों सहित राहगीरों के लिए जर्जर सड़क परेशानी का सबब बन गया है।

गौरतलब है कि कुछ माह पूर्व शिवपुर मंदिर के समीप से मुख्य मार्ग पहाड़ के रास्ते शिवपुर से चमनपुर, भैरोपुर, भुटका कर्री, चलगली को मिलाने वाली मुख्य सड़क निर्माण शुरू किया गया। लगभग लाखों की लागत से बनाई जा रही लगभग 5 किमी सड़क निर्माण को ठेकेदार द्वारा आधा अधूरा बनाकर छोड़ दिया है। सड़क निर्माण में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई है। गुणवत्ताहीन निर्माण होने से कारण सड़क बनने के कुछ दिनों बाद ही कंक्रीट ढलाई किया हुआ सड़क में दरारे सहित गिट्टी उखड़ना प्रारंभ हो गया है। जिसके पहली बरसात की बारिश ने कुछ महीने पूर्व की गई ढलाई का पोल खोलकर रख दिया है। घटिया सड़क निर्माण को लेकर क्षेत्र के लोगों में आक्रोश है।



## कॉलेज के लिए गर्ल्स हॉस्टल एवं ऑडिटोरियम निर्माण कराने की उठी मांग, मंत्री को ज्ञापन

**बिश्रामपुर।** शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर में गर्ल्स हॉस्टल व ऑडिटोरियम निर्माण कराने की मांग को लेकर कालेज के प्राचार्य ने कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े व प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह को ज्ञापन दिया है। शनिवार को नगर के स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम संपन्न किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े उपस्थित थीं ,जबकि अध्यक्षता प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह ने की। कार्यक्रम के दौरान ही शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर के प्राचार्य प्रो.डीपी कोरी व भाजयुमो जिला महामंत्री दुर्गा गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से अतिथियों को ज्ञापन देकर पांच सूत्रीय मांगों को पूरा कराए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर की स्थापना वर्ष 2008 में हुई तथा वर्ष 2014 में नवीन भवन में स्थानांतरण हुआ है। महाविद्यालय में आधारभूत समस्या बनी हुई है।महाविद्यालय में गत दिनों नैक मूल्यांकन हुआ है, जिसमें महाविद्यालय को बी प्लस ग्रेड प्राप्त हुआ है। पूरे संभाग में प्रथम स्थान में है।





# सिंगर नहीं पुजारी बनने के लिए घर से भागे थे कैलाश

**मुंबई।** कैलाश खैर का नाम बॉलीवुड के पॉपुलर सिगर्स की लिस्ट में शुमार हैं। आज उनका बर्थडे है। क्या आप ये जानते हैं कि कैलाश कभी सिगर बनना ही नहीं चाहते थे बल्कि वो पुजारी बनने के लिए छोटी सी उम्र में घर छोड़कर भाग गए थे। कैलाश खका जन्म 7 जुलाई को दिल्ली में हुआ था। उनके पिता एक लोक गायक थे। दरअसल कैलाश जब कैलाश खेर 14 साल के थे। तो घर से पुजारी बनने के लिए ऋषिकेश भाग गए। वहां कुछ दिन रहने के बाद उन्हें समझ आ गया कि ये सब उनके लिए नहीं है। इस चीज से वो एक दिन इस कदर निराश हो गए थे कि उन्होंने गंगा नदी में कूदकर आत्महत्या करने की कोशिश की।

लाइफ Style



# रश्मिका

## 'कुबेर' का पहला टीजर जारी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

साउथ फिल्म इंडस्ट्री से लेकर बॉलीवुड तक एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना अपनी खास पहचान बना चुकी हैं। बीते साल रणबीर कपूर के साथ आई ब्लॉकबस्टर फिल्म 'एनिमल' की सफलता के बाद एक्ट्रेस काफी डिमांड में हैं। उनके हाथ बॉलीवुड के एक और बड़ी फिल्म हाथ लगी है।

सलमान खान के साथ अगली फिल्म 'सिकंदर' में नजर आएंगी। इससे पहले उनकी एक और फिल्म सुर्खियों में है। रश्मिका और धनुष स्टारर फिल्म 'कुबेर' को लेकर काफी बज़ है। अब इस फिल्म का पहला लुक सामने आ गया है। शुक्रवार को मेकर्स और रश्मिका ने फिल्म का पहला टीजर रिलीज कर दिया है। 5 जुलाई को रश्मिका ने अपने सोशल मीडिया पर फिल्म का टीजर शेयर किया जिसमें वह एक अलग अंदाज में नजर आ रही हैं। 'कुबेर' का ये टीजर वीडियो 48 सेकेंड का है जिसमें काफी सस्पेंस बना हुआ है। फिल्म 'कुबेर' में रश्मिका मंदान और धनुष के अलावा नागार्जुन अक्किनेनी भी नजर आने वाले हैं। इसका निर्देशन कमान शेखर कम्मुला ने किया है। ये एक पैन इंडिया फिल्म होगी जो हिंदी, अंग्रेजी, तमिल और तेलुगु भाषा में रिलीज होगी। फिलहाल अभी फिल्म की रिलीज डेट सामने नहं आई है। वीडियो में रश्मिका आधी रात में एक जंगल जैसी गुमनाम जगह पर जाती हैं, अपने आसपास देखती हैं और फिर जमीन खोदना शुरू करती हैं। जमीन से एक सूटकेस निकालती हैं जिसमें ढेर सारे पैसे भरे होते हैं। उसे देख वह खुशी हो जाती हैं और भगवान को हाथ जोड़ते हुए धन्यवाद देती हैं। इस पूरे सीन से फिल्म को लेकर काफी सस्पेंस बना हुआ है।

## हॉलीवुड मसाला



# ऑस्कर विजेता जॉन नहीं रहे...

**लॉस एंजिलस।** ऑस्कर विजेता निर्माता जॉन लैंडौ, जिन्होंने फिल्म निर्माता जेम्स कैमरून के साथ मिलकर फिल्म 'टाइटैनिक' और 'अवतार' के लिए काम किया था। उनका कैंसर के कारण निधन हो गया। वह 63 वर्ष के थे। निधन से पहले लैंडौ ने 'अवतार 2' सीक्वल के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया था। 1997 में रिलीज हुई 'टाइटैनिक' को लैंडौ और कैमरून की बदौलत सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार और तीन ऑस्कर जीते। इस जोड़ी ने अब तक रिलीज हुई सबसे ज्यादा कमाई करने वाली चार फिल्मों में से तीन साथ में बनाई है।




# जॉन सीना ने की डब्ल्यूडब्ल्यूई से संन्यास की घोषणा...

**लॉस एंजिलस।** पहलवान और अभिनेता जॉन सीना ने डब्ल्यूडब्ल्यूई से संन्यास की घोषणा कर दी है। जॉन साल 2001 से डब्ल्यूडब्ल्यूई से जुड़े हुए है और 16 बार वर्ल्ड चैंपियन का खिताब जीत चुके हैं। जॉन सीना ने एलान करते हुए कहा कि वो रेसलमेनिया 2025 के बाद डब्ल्यूडब्ल्यूई से संन्यास ले रहे हैं। जॉन सीना को लोग 23 साल से भी ज्यादा समय से रिंग में पहलवानी करते हुए देख रहे हैं और जब अगले साल वो आखिरी बार रिंग में उतरेंगे तो उनके चाहने वालों के लिए वो भावुक कर देना वाला पल होने वाला है। मालूम हो कि जॉन सीना डब्ल्यूडब्ल्यूई में 2018 से पार्ट-टाइम ही नजर आ रहे हैं। उन्हें अक्सर एक तौलिया के साथ देखा जाता रहा है, जिस पर 'कभी हार ना मानो' लिखा होता था, लेकिन इस बार उनके तौलिया पर लिखा था- 'अब आखिरी बार है'। जॉन सीना ने अपने संन्यास की घोषणा 'मनी इन द बैंक' के दौरान की, जो डब्ल्यूडब्ल्यूई की एक रेसलिंग प्रतियोगिता है।



# भड़के डॉक्टरः कहा- जेल भेजना चाहिए...

**मुंबई।** बीते कुछ सालों से सामंथा रुथ प्रभु मायोसाइटिस बीमारी से जूझ रही हैं। उन्होंने इसका इलाज भी कराया है और अब वह स्वस्थ्य हैं। बीते दिनों एक्ट्रेस को सामान्य वायरल हो गया था। इसके लिए उन्होंने लोगों को बिना जरूरत के दवाई लेने से मना करते हुए लोगों को नेबुलाइजर में हाइड्रोजन पेरोक्साइड और डिस्टिल्ड वॉटर का इस्तेमाल कर इलाज का उपाय बता रही थीं। उन्होंने कहा था कि इसका उपयोग करने से तुरंत आराम मिलता है और ये अनावश्यक दवाओं से बचता है। सामंथा के इस उपाय को लेकर एक डॉक्टर ने इस तरह की खतरनाक टिप्स देने पर उनकी जमकर आलोचना की और सामंथा को हेल्थ और साइंस का अज्ञानी बताते हुए लिखा कि लोगों की जिंदगी खतरे में डालने पर सामंथा पर फाइन लगना चाहिए या जेल भेजा जाना चाहिए।



# 'सिकंदर' में नजर आएंगे सत्यराज व प्रतीक

**मुंबई।** अभिनेता सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'सिकंदर' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म के निर्देशन की कमान एआर मुरुगडॉस ने संभाली है, वहीं साजिद नाडियाडवाला इस फिल्म के निर्माता हैं। 'सिकंदर' में सलमान के साथ अभिनेत्री रश्मिका मंदाना नजर आएंगी और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। ताजा खबर यह है कि प्रतीक बब्बर और सत्यराज फिल्म 'सिकंदर' की स्टार कास्ट में शामिल हो गए हैं। 'सिकंदर' की शूटिंग का पहला शेड्यूल खत्म हो चुका है। यह फिल्म अगले साल ईद के खास मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। नाडियाडवाला ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर प्रतीक और सत्यराज की कुछ तस्वीरें साझा की हैं।

## टीवी मसाला



# तारक मेहता में 'मिसेज सोढ़ी' से लेकर 'टप्पू' के किरदार में अब नए चेहरे..

**मुंबई।** कॉमेडी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' हमेशा चर्चा में बना रहता है। ये शो पिछले 15 सालों से दर्शकों को एंटरटेन करता हुआ आ रहा है। तारक मेहता शो में दिलीप जोशी को जेठालाल की भूमिका में देखा जाता है। जेठालाल तो इस शो की जान हैं। वहीं मुनमुन दत्ता तारक मेहता शो में बबीताजी की भूमिका में दिखाई देती हैं। बबीता जी पर जेठालाल जान न्योछावर करने को भी तैयार रहते हैं।

***इन कलाकारों को किया गया रिप्लेसः*** इस शो में पिछले सालों में कई बदलाव हुए हैं। जी हां आपको बता दें कि 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में अभी तक कई किरदारों को रिप्लेस किया जा चुका है। इस लिस्ट में सबसे पहला नाम टप्पू का आता है। टप्पू को शो में फैंस काफी पसंद करते हैं। इस रोल को सबसे पहले भव्य गांधी निभा रहे थे। बाद में इस रोल को राज अनादकट और अब फिर उनकी जगह नीतीश भलूनी ने ले ली है।

***मिस्टर एंड मिसेज सोढ़ी :*** इसके अलावा शो में मिसेज रोशन सोढ़ी का रोल जेनिफर बंसीवाल निभा रही थीं लेकिन उन्होंने इस शो को अलविदा कह दिया और अब मोनाज मेवावाला इस किरदार में दिखाई दे रही हैं। लिस्ट में आगे नाम है रोशन सिंह सोढ़ी का रोल निभाने वाले एक्टर गुरुचरण सिंह का, जी हां उन्होंने शो छोड़ दिया था जिसके बाद इस रोल को लाड सिंह ने निभाया था, लेकिन उन्होंने भी शो को छोड़ दिया था फिर अब बलविंदर सिंह रोशन सोढ़ी का किरदार निभा रहे हैं।

## बचपन में ही घर छोड़कर भाग गई थीं शहनाज

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 13' में अपनी चुलबुली अदाओं से दिल जीतने वाली शहनाज गिल अपने फैंस के दिलों पर खूब राज करती हैं, लेकिन एक टाइम ऐसा था जब शहनाज ने दर-दर की ठोकरें खाई हैं। शहनाज गिल



ने आज अपनी मेहनत के दम पर टीवी से लेकर बॉलीवुड में अपनी खास पहचान बना ली है लेकिन एक समय ऐसा था जब इंडस्ट्री में नाम बनाने के लिए एक्ट्रेस बचपन में ही घर से भाग गई थी। शहनाज को हमेशा से खुद पर भरोसा था कि उनके सपने एक ना एक दिन पूरे हो जाएंगे। पंजाब की कैटरीना कैफ के नाम से खुद को बुलाने वाली एक्ट्रेस शहनाज को असली पहचान बिग बॉस से मिली है। बिग बॉस के घर के अंदर भी शहनाज ने बताया था कि, 'जब वह शूटिंग के लिए घर से निकलती थी, तो कोई भी उन्हें सेट तक छोड़ने के लिए तैयार नहीं होता था। घर में बहुत हंगामा होता था। इसके बाद करीब 3-4 साल तक घरवालों से उन्होंने सारे रिश्ते खत्म कर लिए थे।

# आलिया व शरवरी की फिल्म से उठा पर्दाः टाइटल हुआ रिलीज...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट अक्सर अपने धमाकेदार फिल्म को लेकर चर्चा में रहती हैं। इसी बीच आलिया और शरवरी की फिल्म का टाइटल रिलीज किया गया है। दरअसल, आलिया भट्ट आदित्य चोपड़ा की वायआरएफ स्पाई यूनिवर्स की



पहली फीमेल लीड फिल्म एक्ट्रेस हैं। इसी बीच मेकर्स ने वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो के बैकग्राउंड में आलिया भट्ट की आवाज सुनाई दे रही है। वहीं बता दें, यशराज फिल्म्स अपने स्पाई यूनिवर्स को और भी बड़ा कर रहा है। अब तक उनके बैनर तले 'वॉर' से लेकर 'टाइगर' और 'पठान' जैसी कई फिल्में बन चुकी हैं, जिसमें शाहरुख खान से लेकर सलमान खान और ऋतिक रोशन जैसे सेलेब्स दमदार एक्शन करते हुए नजर आए थे। ऐसे में अब यशराज के सबसे बड़े यूनिवर्स में बॉलीवुड एक्ट्रेसेज आलिया और शरवरी का नाम भी जुड़ गया है।

***देश के दुश्मनों से भिड़ेंगी आलिया-शरवरी वाघ :*** इस फिल्म में आलिया भट्ट और शरवरी वाघ देश के दुश्मनों से भिड़ती नजर आएंगी। हालांकि, वायआरएफ ने ये कदम समाज में उस गलतफहमी को तोड़ने के लिए उठाया है कि केवल पुरुष ही अल्फा हो सकते हैं। ऐसे में अब 'अल्फा' का पहला वीडियो आते ही सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।

# रणवीर चुराते थे निर्माताओं के फोन नंबर बदला सरनेम, बेच चुके हैं चिकन...

**मुंबई।** रणवीर सिंह आए दिन किसी न किसी वजह से चर्चा में रहते हैं। वह फिल्म इंडस्ट्री का वो नाम हैं, जिन्होंने अपने दम पर अपनी एक खास पहचान बनाई है। रणवीर आज यानी 6 जुलाई को अपना 39वां जन्मदिन मनाया। रणवीर ने बताया था कि कॉलेज के दिनों में पार्ट टाइम नौकरी करने के दौरान वह बटर चिकन बेचते थे और बनाया भी करते थे। वे अमेरिका की स्टारबक्स कैफे में पार्ट टाइम नौकरी भी करते थे। उस दौरान वह एक विज्ञापन एजेंसी में बतौर राइटर काम करते थे।

***असली सरनेम सिंह नहीं.... :*** बहुत कम लोग इस बात से वाकिफ होंगे कि रणवीर का सरनेम सिंह नहीं, बल्कि भवनानी है। फिल्मों में आने से पहले ही उन्होंने अपना सरनेम बदल दिया था।



दरअसल, एक इंटरव्यू में उन्होंने इसका खुलासा किया था कि यह सरनेम उनके नाम के साथ काफी बड़ा हो रहा था। ऐसे में उन्होंने इस बदलकर सिंह कर लिया। उन्हें लोग रणवीर सिंह के नाम से ही जानते हैं। रणवीर भवनानी से कोई नहीं जानता।

***लोगों के फोन से चुराते थे निर्माताओं के नंबरः*** रणवीर ने बताया था कि वह प्रोडक्शन हाउस में जाकर अपना पोर्टफोलियो दिया करते थे, लेकिन निर्देशक उसे कचरे के डब्बे में फेंक देते थे। एक समय उन्होंने उम्मीद छोड़ दी थी कि वो हीरो बन पाएंगे। काम की तलाश में रेस्तरां और नाइट क्लब में वह निर्माताओं का पीछा किया करते थे, ताकि उन्हें फिल्मों में एक बार मौका मिल जाए। वह फिल्मों में एक मौका पाने के लिए लोगों के फोन से निर्माताओं के नंबर चुराया करते थे।

***कॉलेज के दिनों में बेचा चिकन :*** रणवीर ने बताया था कि कॉलेज के दिनों में पार्ट टाइम नौकरी करने के दौरान वह बटर चिकन बेचते थे और बनाया भी करते थे। जब उन्होंने अमेरिका की इंडियाना यूनिवर्सिटी में एडमिशन लिया था, तब उन्होंने अभिनय और थिएटर के गुर सीखना शुरू किए।

***बॉलीवुड से पुराना नाता :*** रणवीर का 50 के दशक की अभिनेत्री चांद बर्क से बहुत करीबी नाता है, जिन्हें राज कपूर ने फिल्मों में ब्रेक दिया था। रणवीर इन्हीं के पोते हैं।

## ज्यादातर फिल्में सिनेमाघरों का रुख करेंगी, वहीं कुछ ओटीटी पर भी दस्तक देंगी

# इस माह रिलीज होने वाली हैं कई बड़ी फिल्में, इन सितारों पर लगा है दांव


*जून में कई फिल्में दर्शकों के बीच आईं। कुछ सफल रहीं तो कुछ असफल। हालांकि, 'कल्कि 2898 एडी' के साथ इस महीने का अंत धमाकेदार रहा। अब जुलाई में भी सिनेप्रेमियों को कई बढ़िया फिल्मों की सौगात मिलने वाली है। ज्यादातर फिल्में सिनेमाघरों का रुख करेंगी, वहीं कुछ ओटीटी पर भी दस्तक देंगी। जुलाई के महीने में कई सितारों की किस्मत दांव पर लगी है। आइए जानते हैं जुलाई में कितनी फिल्में रिलीज हो रहीं जो आपका मनोरंजन करेंगी।*

### 'औरों में कहां दम था'




इस साल के पहले 6 महीने में 'शैतान' और 'मैदान' जैसी फिल्मों के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करने वाले दमदार अभिनेता अजय देवगन फिल्म 'औरों में कहां दम था' लेकर आ रहे हैं। उनकी इस फिल्म ने 5 जुलाई को सिनेमाघरों का रुख किया। नीरज पांडे ने इसका निर्देशन किया है। फिल्म में अजय की जोड़ी तब्बू के साथ बनी है, वहीं जिमी शेरगिल भी इसमें एक खास भूमिका निभाने वाले हैं।

### 'किल'



यह फिल्म इसलिए भी चर्चा में है, क्योंकि करण जौहर और गुनीत मोंगा ने मिलकर इसे बनाया है। टीवी के जाने-माने अभिनेता लक्ष्य लालवानी इसके जरिए बॉलीवुड में अपनी शुरुआत कर रहे हैं। यह कई अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सवों में वाहवाही लूट चुकी है। फिल्म के ट्रेलर ने दर्शकों का ध्यान खींचा है। राघव जुयाल और तान्या मणिकतला भी इसका हिस्सा हैं। यह फिल्म भी 5 जुलाई को ही सिनेमाघरों में रिलीज हुई है।

### 'सरफिरा'



अक्षय कुमार की बड़े बजट की फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' इस साल ईद के मौके पर रिलीज हुई थी, लेकिन इसने बॉक्स ऑफिस पर अपना कमाल नहीं दिखाया। अब वह फिर 'सरफिरा' के साथ रुपहले पर्दे पर अपनी वापसी के लिए तैयार हैं। राधिका मदान और परेश रावल फिल्म में अक्षय के साथ अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। यह फिल्म 12 जुलाई को सिनेमाघरों में आएगी।

### 'इंडियन 2' और 'बैड न्यूज'

अक्षय का सामना बॉक्स ऑफिस पर कमल हासन की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'इंडियन 2' से होने वाला है। दरअसल, यह फिल्म भी 12 जुलाई को ही सिनेमाघरों में आएगी। फिल्म में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई की एक कहानी दिखाई जाएगी। फिल्म का ट्रेलर और इसमें कमल का धांसू अवतार दर्शकों को बेहद पसंद आया है। उधर फिल्म 'बैड न्यूज' सिनेमाघरों में 19 जुलाई को आएगी। इसके लिए पहली बार विक्की कौशल, तृप्ति डिमरी और एमी विर्क की तिकड़ी साथ आई है।



### 'ककुड़ा' और 'वाइल्ड वाइल्ड पंजाब'

सोनाक्षी सिन्हा, रितेश देशमुख और साकिब सलीम की फिल्म 'ककुड़ा' 12 जुलाई को जी 5 पर रिलीज होगी। उधर वरुण शर्मा, सनी सिंह, पत्रलेखा और जस्सी गिल की चर्चित कॉमेडी फिल्म 'वाइल्ड वाइल्ड पंजाब' 10 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है।



## खबर संक्षेप



### पीडीएस दुकान संचालकों एवं विक्रेताओं के साथ हुई बैठक

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी.राहुल वेंकट के निर्देशन में खाद्य निरीक्षक सदानंद पैकरा एवं खाद्य निरीक्षक केल्हारी सुश्री दीक्षा पाण्डे की अध्यक्षता में शासकीय उचित मूल्य दुकानों के संचालकों एवं विक्रेताओं के साथ कलेक्टर सभाकक्ष बैठक आयोजित की गई। इसमें मनेन्द्रगढ़ विकासखंड के कुल 72 शासकीय उचित मूल्य दुकानों के संचालकों तथा विक्रेताओं के साथ समीक्षा बैठक हुई। इस बैठक में शासकीय उचित मूल्य दुकानों में राशन सामग्री के आवंटन, भंडारण, वितरण तथा पीडीएस दुकान के भवन संबंधी जानकारी और समस्याओं पर चर्चा की गई। इसके साथ ही सभी शासकीय उचित मूल्य दुकानों में बिजली व्यवस्था, मोबाइल नेटवर्क और अन्य समस्याओं के संबंध में चर्चा कर सुधार करने के निर्देश दिए गए।

### डीईओ ने मानी ग्रामीणों की मांग होगी शिक्षकों की नियुक्ति

**मनेन्द्रगढ़।** हायर सेकेंडरी स्कूल बरबसपुर में 5 शिक्षकों की नियुक्ति से ग्रामीणों में हर्ष है। जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा ने ग्राम पंचायत बरबसपुर सरपंच सावन सिंह एवं संस्था के प्राचार्य बबन सिंह से दूरभाष पर चर्चा करते हुए शीघ्र ही स्कूल में विषयवार शिक्षकों की पदस्थापना की बात कही। इस बात की जानकारी मिलने पर समस्त आमजन, अभिभावक, जनप्रतिनिधियों एवं बच्चों ने प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित कर आभार जताया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच सुरेन्द्र अग्रवाल, अधिवक्ता प्रदीप शर्मा, जनपद सदस्य बृजमोहन साहू, उप सरपंच डीएन प्रजापति, पंच अतुल खलखो, सरपंच लोहारी ज्ञान सिंह, सरपंच उजियारपुर रमेश सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### साप्ताहिक बाजार में सब्जी 40 से 80 रूपए किलो



**कोरिया कॉलरी।** क्षेत्र के सब्जी मंडी में सोमवार के दिन लगने वाले बाजार में सभी सब्जियों के आसमान छूते दिखे। बीते दो हफ्ते से एकाएक सब्जी के दामों में वृद्धि होने से आम ग्राहक परेशान होते दिखे, जो निम्न वर्ग ग्राहकों को तो गिने-चुने सब्जी खरीद देखने मिले। रसोई का राजा टमाटर 60 रूपए तो और अलग-अलग सब्जियों के भाव औसतन 40 रूप से 80 रूपए तक देखने मिला। लोगों ने बताया कि इन दिनों ग्रामीण जगहों से सब्जी की आवक कम है, इसलिए इसका असर बाजार पर पड़ रहा है। आने वाले कुछ और हफ्ते बाजार में महंगाई बनी रहेगी, जिससे इसका असर लोगों के जेब में पड़ेगा।

### घूम रहे आवारा मवेशियों से हो रही सड़क दुर्घटनाएं



**कोरिया कॉलरी।** इन दिनों कोरिया कॉलरी के सड़क मार्गों पर घूम रहे आवारा मवेशियों से आए दिन वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। कोरिया कॉलरी पोखरी तिराहा से लेकर बंगाली पारा मूर्तिपारा व बाजार पारा के मुख्य मार्गों में पूरी तरह से सड़कों को घेरे हुए खड़े रहते हैं और झूंड होने के कारण आपस में लड़ते हुए सीधा वाहनों पर भी टकरा जाते हैं। इससे लोग काफी परेशान हैं। लोगों का मानना है कि मवेशी मालिक इन्हें गैर दुधारू होने की वजह से लावारिस हालत में छोड़ देते हैं, यदि इनके झूंड में कई छोटे बछड़े भी देखे गए हैं, जो बड़े वाहनों के चपेट में आकार चोटिल हो गए हैं।

## कलेक्टर ने निर्माण कार्यों लिया जायजा

# पानी टंकी को शीघ्र चालू करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह सोमवार को जल-जीवन मिशन के अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों तथा विभिन्न स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों का जायजा लेने आकस्मिक निरीक्षण किया। सरभोका ग्राम पंचायत के बासनपारा, बुड़ार तथा अमहर में जल-जीवन मिशन के अंतर्गत निर्माणाधीन पानी टंकियों का जायजा लिया। ग्राम सरभोका के पानी टंकी को तत्काल शुरू करने, बुड़ार में पुराने पानी टंकी तथा निर्माणाधीन पानी टंकी को शीघ्र चालू करने के निर्देश दिए।

संबंधित ठेकेदारों मेसर्स मारूति कंट्रक्शन, अंबिकापुर तथा उर्मिला कंट्रक्शन, अंबिकापुर को दो टूक निर्देश देते हुए कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि क्वालिटी में किसी भी तरह से समझौता नहीं की जाएगी, गुणवत्ताहीन कार्य करने पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर लगातार स्कूलों, आंगनबाड़ियों का दौरा कर रहे हैं। इसी कड़ी में 8 जुलाई को नवोदय विद्यालय सहित प्राथमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों सरभोका, बुड़ार, अमहर का निरीक्षण किया। स्कूल में पहुंचते ही साफ-सफाई, शौचालय, बिजली, पानी की व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त की। नवोदय विद्यालय, बैकुंठपुर-केनापारा पहुंचकर रसोई घर का जायजा लिया तथा बच्चों को देने वाल भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई के बारे में बारीकी से पड़ताल भी की। श्री लंगेह ने शिक्षकों से कहा कि समय पर स्कूल पहुंचे साथ ही नियमित रूप से बच्चे स्कूल पहुंचे, इसके लिए विशेष पहल करें और पालकों, अभिभावकों से सतत संपर्क भी बना कर रखें, ताकि सत्र के बीच में स्कूल आना बंद न करें। ग्राम अमहर में आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं को बच्चों तथा गर्भवती माताओं को गरम व पौष्टिक भोजन तथा मीनू चार्ट अनुसार देने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी भवन के बिजली कटने पर नाराजगी जाहिर करते हुए



निरीक्षण करते कलेक्टर।

तत्काल बिजली विभाग को लाइन जोड़ने के निर्देश दिए, वहीं सरभोका, बासनपारा के ग्रामीणों ने लो-वोल्टेज की समस्या बताने पर बिजली विभाग के अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए। जानकारी के मुताबिक ग्राम बुड़ार में विगत दिनों एक गाय का गड्ढे में गिरने की वजह से पैर टूट गया था।

कलेक्टर श्री लंगेह ने एक बार फिर मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए गाय की समुचित उपचार के लिए पशु चिकित्सा विभाग को निर्देश दिए, इस पर पशु मालिक अनिल कुमार ने कलेक्टर विनय कुमार लंगेह का आभार जताया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता सीबी सिंह, एसडीओ ओंकार सिंह, सब इंजीनियर कुमारी ज्योत्सना लकड़ा उपस्थित रहे।

## नवोदय विद्यालय का कलेक्टर ने किया भ्रमण

कलेक्टर विनय लंगेह ने जिला मुख्यालय के समीप ग्राम केनापारा स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। विद्यालय पहुंचकर कलेक्टर ने बच्चों और विद्यालय के प्रबंधन से बात की और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। विद्यालय में नए सत्र के आरंभ के साथ ही जिले में बेहतर शिक्षा व्यवस्था के लिए कलेक्टर निरंतर विद्यालयों का भ्रमण कर बच्चों और शिक्षकों से बात कर रहे हैं। इसी कड़ी में 8 जुलाई को कलेक्टर विनय लंगेह ने जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी के साथ जवाहर नवोदय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। यहां पहुंचकर उन्होंने सबसे पहले विद्यालय परिसर का अवलोकन किया और बच्चों के भोजन कक्ष में जाकर भोजन की व्यवस्था और साफ-सफाई का निरीक्षण किया। बच्चों से उनके भोजन मेन्यू आदि के बारे में पूछताछ की। भोजन कक्ष और कैंटीन में बेहतर साफ-सफाई के निर्देश देने के बाद उन्होंने पूरे विद्यालय परिसर का अवलोकन किया और उपस्थित विद्यालय के सभी शिक्षकों से बातचीत की। शिक्षकों को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं, इसलिए प्रत्येक शिक्षक पूरी ईमानदारी से बच्चों के शिक्षा पर विशेष ध्यान रखें, इसके अलावा उन्होंने वार्षिक आय-व्यय का विवरण के लिए संधारित पंजी आदि का अवलोकन किया। विद्यालय प्रबंधन से बात करते हुए उन्होंने विद्यालय की प्रबंधकारिणी समिति की बैठक जल्द आहूत करने के निर्देश भी दिए। इस निरीक्षण भ्रमण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से विनय मोहन भट्ट और विद्यालय के प्राचार्य तथा सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

- प्रबंधकारिणी समिति की बैठक जल्द आयोजित किए जाने के निर्देश



भ्रमण करते कलेक्टर।



पौधे रोपण करते भाजपा कार्यकर्ता।

# खोंगापानी में किया गया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आरंभ किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत सोमवार को एक पेड़ मां के नाम पर हसदेव मंडल (खोंगापानी) वार्ड नंबर 1 में पौधरोपण किया गया।

कोल दफाई (तालाब) में मंडल प्रभारी मुकेश जायसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेन्द्र विश्वकर्मा, मंडल अध्यक्ष विनोद गुप्ता, जितेन्द्र राय सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा पौधरोपण किया गया। इस मौके पर सभी ने आमजन से अपील किया है कि आइए सभी मिलकर अपनी धरा को हरा-भरा बनाएं, अधिक संख्या में वृक्ष लगाएं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेन्द्र विश्वकर्मा ने कहा कि वेदों में वृक्षों की महत्ता बताई गई है। 10 कुओं के बराबर एक बावड़ी और 10 बावड़ी के बराबर एक सरोवर 10 सरोबार के बराबर 1 पुत्र और 10 पुत्रों के बराबर एक वृक्ष है, यह मान्यता हमारे वेद मंत्रों में भी है। व्यक्ति के जीवन में पुत्र रत्न प्राप्ति का अपना महत्व है, लेकिन वृक्षों को अलग प्रकार से ही पूजा गया है और हमारी संस्कृति तो कदम-कदम पर पेड़, पत्ते में परमात्मा के वास की जो भावना है वह हमारे कण-कण मे हैं। आज से लगभग 100 साल पहले जगदीश चंद्र बसु को लंदन में नोबल पुरस्कार मिला था। इस दौरान उनसे कहा गया कि पौधों में प्राण है, जिसे उन्होंने सिद्ध करके भी बताया।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण



**बिजुरी।** भाजपा मंडल बिजुरी के मंडल संयोजक अजय रस्तोगी एवं भाजपा युवा नेता राज शुक्ला ने बताया कि माता और प्रकृति निःस्वार्थ प्रेम की प्रतिमूर्ति है। मातृशक्ति और प्रकृति के संवर्धन के उद्देश्य से विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 5 जून 2024 को एक पेड़ लगाकर एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ किया था। यह अभियान विगत 23 जून से 6 जुलाई तक चलाया गया। भाजपा पदाधिकारियों ने नगर पालिका क्षेत्र बिजुरी नगरवासियों से आग्रह किया है कि मातृशक्ति के सम्मान एवं पर्यावरण संरक्षण के इस महत्वपूर्ण अभियान से जुड़कर काफी संख्या में पौधरोपण करें व हरित बिजुरी समृद्ध बिजुरी के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। सभी आगे कदम बढ़ाए और एक पेड़ मां के नाम लगाए। पर्यावरण संरक्षण जीवन को सुरक्षित करने जैसा है। स्वस्थ पर्यावरण ही सुरक्षित जीवन की गारंटी है।

### टीचर्स एसोसिएशन की हुई बैठक

**मनेन्द्रगढ़।** छग टीचर्स एसोसिएशन ब्लॉक मनेन्द्रगढ़ की सत्र 2024-25 की प्रथम बैठक शासकीय आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मनेन्द्रगढ़ में आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम जिला एमसीबी के नवनियुक्त कार्यकारी जिलाध्यक्ष अभय तिवारी को पुष्पमाला पहनाकर बधाई दी गई। बैठक में शिक्षकों के ज्वलंत मुद्दो, वर्तमान पदोन्नति प्रक्रिया में समस्याएं, विगत 6 वर्षों से लंबित सीपीएस की समस्या, ब्लॉक एवं जिला कार्यालय में व्यवस्थाओं की अनियमितता संगठन की वार्षिक सदस्यता नवनियुक्त शिक्षक साथियों के समस्याओं का निराकरण अन्य समसामयिक विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में जिला कार्यकारिणी एमसीबी से जिला उपाध्यक्ष अयुबलाल, जिला सचिव शिवनाथ यादव, प्रांतीय पदाधिकारी महिला प्रकोष्ठ अरूणा शुक्ला, वीरांगना श्रीवास्तव, वरिष्ठ पदाधिकारी अजय तिवारी, रामानुज तिवारी, ब्लॉक संयोजक विनोद सोनी, कंचन सिंह सोनी, विवेक सिन्हा, एसी झा, रामप्रिय राय, अनिल गुप्ता, ब्लॉक सचिव गौरव त्रिपाठी, लवकुश गुप्ता, मिथिलेश वैश्य, चंद्रप्रकाश वर्मा, प्रदीप महार, अजीत सिंह, जगदीश सिंह, श्रीमती संगीता रॉय सहित काफी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।



### नर्सिंग के छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण

**बैकुण्ठपुर।** न्यू लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग बैकुंठपुर के बीएससी नर्सिंग चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों के साथ 6 जुलाई को वृद्धा आश्रम एवं डीफएण्ड डम (मुखबधीर स्कूल) का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने विद्यालय एवं आश्रम केन्द्रों में जाकर अध्ययन से संबंधित कार्य किए, इसके अंतर्गत वृद्धा आश्रम जाकर वृद्धजन से मुलाकात की एवं वृद्धा अवस्था में होने वाली कठिनाईयों के बारे जाना तथा वृद्धा अवस्था में सफाई से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी नर्सिंग के छात्र-छात्राओं द्वारा दी गई। वृद्धजन को विभिन्न तरह के स्वास्थ्य से संबंधित शिक्षाएं प्रदान किया। तत्पश्चात न्यू लाइफ के छात्र-छात्राओं के द्वारा वृद्धजन को भेंट स्वरूप टिफिन बॉक्स दिया गया तथा वृद्धजन से आशीर्वाद प्राप्त किया। डीफ एण्ड डम (मुखबधीर स्कूल) में जाकर छात्र-छात्राओं के द्वारा मुखबधीर बच्चों से मिलकर उनको आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहन किया तथा बच्चों के स्वास्थ्य संबंधित जांच जैसे- रक्तचाप, वजन और बुखार इत्यादि की जांच किया गया। नर्सिंग के छात्र-छात्राओं द्वारा वजन मशीन (वेट) भी भेंट किया गया।



# 19 छात्राओं को मिली निःशुल्क साइकल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल महलपारा में शाला विकास एवं प्रबंध समिति की पहली बैठक 8 जुलाई को अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अभय कुमार शर्मा, डॉ. एके सिंह सहित अन्य सदस्य और शिक्षक मौजूद रहे। आयोजित बैठक में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के उपाध्यक्ष के लिए प्रशांत सिंह को निर्विरोध चुना गया। इस अवसर पर उपस्थित समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के द्वारा विद्यालय के विभिन्न 14 बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान सर्व सम्मति से समिति ने विद्यालय परिसर में एक पौधा मां के नाम लगाने, विद्यालय परिसर में चेकर्ड टाईल्स लगाने को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन देने, एक पाली में ही इंग्लिश मीडियम स्कूल संचालित करने, विद्यालय खुलने एवं बंद होने के समय सड़क पर स्टापर लगाने, मध्यान्ह भोजन मीनू अनुसार गुणवत्तायुक्त बनाए जाने सहित 14 बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक उपरांत सरस्वती योजनांतर्गत पात्र 19 छात्राओं को निःशुल्क सायकल वितरण भी किया गया।

इस अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्यों के साथ विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं समेत 20 लोग मौजूद रहे।

- स्वामी आत्मानंद महलपारा में हुई एसएमडीसी की बैठक



छात्राओं को मिली साइकल।

# गौठान में कब्जा, सरपंच ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

ग्राम पंचायत में लाखों रूपए खर्च कर बनाए गए गौठान में गांव के कुछ लोगों के द्वारा अतिक्रमण कर कब्जा कर लिए जाने पर ग्राम पंचायत के सरपंच ने मामले की लिखित शिकायत कलेक्टर को कर गौठान को कब्जामुक्त करा अतिक्रमण करने वालो पर कार्रवाई की मांग की गई।

शिकायत की प्रति एसपी सहित एसडीएम, तहसीलदार, सीईओ जनपद पंचायत को भी दी गई। इस संबंध में मिली शिकायत के अनुसार जनपद पंचायत बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़गांव के सरपंच श्रीमती सुकवरिया पैकरा ने कलेक्टर एवं अन्य अधिकारियों सौंपे लिखित शिकायत में उल्लेख किया है कि गांव में 10 लाख रूपए से उपर की लागत से गौठान बनाया गया था, इसमें सौर ऊर्जा ट्यूबवेल एवं 600 फलदार पौधे लगाए गए थे, इस पर रामप्रसाद पिता लल्ला, दखल पिता हीरासाय, जगमन बाई पति हीरासाय, नवल साय पिता बीरासाय तथा उनके परिवार के लोग निवासी पतरापाली द्वारा 7 जुलाई को गौठान की भूमि को टैक्टर से जुताई कर कब्जा कर लिया है। इस दौरान कुछ ग्रामीणों द्वारा मना करने पर भी वे नहीं माने और जान से मारने की धमकी दिए। इस मामले में अतिक्रमणकारियों पर उचित कार्रवाई करने की मांग की गई है।



### नाली मिट्टी से दबी, जलभराव से राहगीर परेशान

**मनेन्द्रगढ़।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत कार्यपालन अभियंता परियोजना क्रियान्वयन छग पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग छग शासन द्वारा करोड़ों की लागत से बहरासी से सनबोरा मार्ग 45 किमी रोड बनवाई गई है, लेकिन ग्राम तोजी में सड़क के किनारे जो नाली पहले से बना था, रोड बनाते समय उसे नाली को मिट्टी से दबा दिया गया, जब ग्रामीणों ने इसका विरोध किया तो कहा गया कि रोड के काम के बाद नाली बना देंगे। इस संबंध में भरतपुर विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम तोजी के ग्रामीणों ने कलेक्टर एमसीबी से मांग करते हुए कहा कि वे ठेकेदार को इस संबंध में निर्देशित करें कि वह सड़क के बगल में नाली और पटरी का निर्माण करवाए, इससे ग्रामीणों को होने वाली समस्या से निजात मिल सके।



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

सर्व साधारण ग्राम बैकुण्ठपुर की आम जनता को इस ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती विभा यादव पति ललीत यादव निवासी बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.) द्वारा भू-खण्ड क्रमांक 520/1क क्षेत्रफल 800 वर्गमीटर राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत प्राप्त भूमि के 63.37 वर्गमीटर एवं 63.37 वर्गमीटर पर मकान निर्माण कराने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र की मांग की गयी है। अतः उक्त संबंध में हित रखने वाले व्यक्तियों को यदि कोई आपत्ति हो तो वे दिनांक 15/07/2024 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के द्वारा इस न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार विमर्श नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के अधीन जारी।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.)**

## पृष्ठ 1 का शेष

### मंत्री से ठेका प्रथा ...

कहा कि पिछली सरकार ने 4000 रूपए श्रम सम्मान राशि के रूप में देने की घोषणा की और उसे नगरीय निकाय के लिए लागू ही नहीं किया, जबकि प्लेसमेंट कर्मचारी भी पात्रतानुसार कलेक्टर दर के ही श्रेणी में आते हैं, इसके लिए आज भी कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। संभाग अध्यक्ष द्वारा दिए गए ज्ञापन में लेख है कि प्लेसमेंट कर्मचारियों का ठेका प्रथा बंद कर अन्य विभागों के स्वरूप निकाय से सीधा भुगतान किया जाए, इससे शासन को लगभग 110 करोड़ रूपए की बचत होगी। इस दौरान संभागीय मीडिया प्रभारी दीपेन्द्र सेन, मो. अजीज, राजेश यादव, संजय ओझा, विजय कुमार, रितेश महतो, मो. सलाम, सुभाग सिंह, अर्जुन मलिक, देवेन्द्र, राम कुमार, राम प्रसाद सहित काफी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सड़कों के किनारे खुले में बिक रहा है मांस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिजुरी

जिला मुख्यालय समेत जैतहरी, कोतमा, बिजुरी, राजनगर कस्बे में सड़कों के किनारे गली, मोहल्ले में साप्ताहिक बाजार में हर जगह खुले में कही भी मांस-मटन, अंडे की दुकानें धड़ल्ले से चल रही है, इससे क्षेत्र का पूरा वातावरण दूषित हो रहा है। नगर पालिका हो या पुलिस प्रशासन अपनी जिम्मेदारी से पूरी तरह विमुख है।

हर थाना व निकाय क्षेत्र में खुले में मांस बेचने की कार्रवाई के संबंध में नागरिकों ने कई बार शिकायतें की है, लेकिन उन पर आज तक कोई जांच कार्रवाई नहीं की गई। प्रशासन का जिम्मेदार तबका ऐसे लोगों पर कार्रवाई करने की बजाए भाईचारा निभा रहे हैं। आम नागरिक इस दूषित वातावरण से काफी घुटन महसूस कर रहे हैं, जबकि इस मामले मुख्यमंत्री के साफ-साफ दिशा-निर्देश हैं कि कहीं भी खुले स्थानों में मटन-मांस की दुकान लगाने व बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा , लेकिन यहां मुख्यमंत्री के भी आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। मुख्य सड़क, मुख्य मार्गों, सब्जी मंडी आवासीय क्षेत्र के चारों तरफ बड़ी-बड़ी मटन की दुकान खुलेआम संचालित हो रही हैं। जिले में कहीं भी प्रशासन द्वारा अभियान चलाकर कार्रवाई नहीं की गई, इससे मटन विक्रेताओं का मनोबल और बढ़ता जा रहा है। नागरिकों ने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक से आग्रह कर कहा है कि सड़कों के किनारे लगने वाली मीट मार्केट की दुकानों को तत्काल हटाया जाए, इससे होने वाली परेशानियों से निजात मिल सके।



खुले में बिक रही मांस।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI CHIRMIRI
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
पैट्रोल पंप के सामने, वार्ड नं..-1, पोड़ी, चिरमिरी, जिला - कोरिया (छ.ग.)
81098-66204 • 89595-44444